>

Title: Alleged exploitation of the subscribers by Bharat Sanchar Nigam Limited (BSNL) and BSNL Officials' actions resulting in loss to the National Exchequer.

श्री शिशुपाल पटले (भन्डारा): महोदय, मैं बी.एस.एन.एल. के सम्बन्ध में एक मामला सामने लाना चाहता हूं, जो काफी गम्भीर मामला है। ट्राई के नियमों के अनुसार बी.एस.एन.एल. में वैस काम करती है, लेकिन फोन बैंक अप सर्विस के मामलों में वैस ने ट्राई के सारे नियमों का उल्लंघन करके काम किया है और सरकार के, बी.एस.एन.एल. के पैसे की उन्होंने काफी अफरा-तफरी की है। मार्केट सपोर्ट के लिए एक विशेष ऑन लाइन कम्पनी को गुप्त पत्र-व्यवहारों के माध्यम से मदद की है और वहां पर बी.एस.एन.एल. को भी काफी नुकसान हुआ है।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप सरकार से मांग करिये, आपकी क्या मांग है?

श्री शिशुपाल पटले : मेरी मांग यह है कि इसमें जो अनियमितताएं पाई गई हैं, ट्राई के नियमों का उल्लंघन बी.एस.एन.एल. ने किया है, उसकी जांच करने के लिए पिछले एक साल से काफी लोग शिकायतें कर रहे हैं, राइट टू इन्फोर्मेशन के माध्यम से जानकारी मांग रहे हैं, लेकिन साल भर से वे कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं और ऑन लाइन नाम की इस कम्पनी को सपोर्ट करने के लिए उन्होंने सारे कानून की धज्जियां उड़ाकर काम किया है, जिसमें बी.एस.एन.एल. को हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इसकी जांच होनी चाहिए और जो दोषी अधिकारी हैं, उन्हें दंडित करना चाहिए।

MR. CHAIRMAN: Shri Aaron Rashid.

SHRI J.M. AARON RASHID (PERIYAKULAM) : Sir, please permit me to speak in Tamil. I have already given the required notice for it.

MR. CHAIRMAN: Yes.